''जहाँ न पहुँचे रवि, वहाँ पहुँचे कवि''

वाचन कौशल को निखारने के लिए, बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने तथा मातृभाषा के प्रति रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमारे विद्यालय में कक्षा तीसरी के छात्रों के लिए कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन (16.11.2022) बुधवार को किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक कई विषयों पर अपने विचारों को कविता के रूप में प्रस्तुत किया। कुछ बच्चों ने समसामयिक विषयों को उभारा जैसे पेड़ बचाओ, बेटी बचाओ, शिक्षा का महत्त्व, पृथ्वी पर सुंदर वाचन कौशल का उदाहरण दिया। बच्चों को उनके उच्चारण, हावभाव, आवाज़ के आधार पर परखा गया। सभी बच्चे कविता वाचन प्रतियोगिता के लिए उत्साहित दिखाई दिए एवं सभी ने इस में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।